Brain International School
Vikas Puri, New Delhi

**अभ्यास पत्र - 4**

**विषय : हिंदी** **कक्षा – सात** **अक्तूबर , 2025**

**अपठित बोध**

**प्रश्न 1) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

मनुष्य का जीवन निरंतर परिवर्तनशील है। समय के साथ परिस्थितियाँ, विचार और आवश्यकताएँ बदलती रहती हैं। जो व्यक्ति इन परिवर्तनों को समझ कर अपने व्यवहार और सोच को ढाल लेता है वही जीवन में सफल होता है। इतिहास गवाह है कि जो लोग अतीत में अड़े रहे, उन्होंने प्रगति के अवसर खो दिए। वहीं जिन्होंने नए विचारों को अपनाया, उन्होंने समाज को नई दिशा दी। विज्ञान और तकनीक के युग में आज जीवन अत्यंत गतिशील हो गया है। हर दिन कुछ नया सीखने और जानने को मिलता है। यदि मनुष्य जड़ता का शिकार हो जाए तो वह पीछे छूट जाएगा इसलिए यह आवश्यक है कि हम ज्ञान की ओर सदैव अग्रसर रहें और परिवर्तन को सकारात्मक दृष्टि से स्वीकार करें। परिवर्तन का अर्थ पुरानी बातों को नकारना नहीं है बल्कि उनमें सुधार लाना है उदाहरण के लिए परंपराएँ हमारी संस्कृति की आत्मा हैं परंतु उन्हें युगानुसार रूपांतरित करना आवश्यक है ताकि वे समाज के विकास में बाधा न बनें। जीवन का सबसे बड़ा सत्य यही है कि परिवर्तन अटल है। जैसे ऋतुएँ बदलती हैं वैसे ही जीवन के रंग भी बदलते रहते हैं। हमें चाहिए कि हम इन परिवर्तनों से डरें नहीं बल्कि उन्हें अवसर के रूप में अपनाएँ। परिवर्तन ही जीवन का प्रमाण है — स्थिरता केवल पत्थरों की होती है, मनुष्य की नहीं।

**(क)** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गद्यांश के अनुसार सही है?

1. परिवर्तन से डरना चाहिए।
2. परिवर्तन जीवन का प्रमाण है।
3. स्थिर रहना ही सफलता का मार्ग है।
4. पुरानी परंपराओं को नकारना ही विकास है।

**(ख)** गद्यांश के अनुसार परिवर्तन का सही अर्थ क्या है?

1. पुराने विचारों को समाप्त करना
2. परंपराओं का विरोध करना
3. पुरानी बातों में सुधार लाना
4. समाज से अलग होना

**(ग)** 'स्थिरता केवल पत्थरों की होती है' से क्या तात्पर्य है?

1. मनुष्य को हमेशा स्थिर रहना चाहिए|
2. जीवित व्यक्ति में कोई परिवर्तन नहीं होता|
3. परिवर्तनशीलता ही जीवन का लक्षण है|
4. पत्थर भी बदलते रहते हैं|

**(घ)** लेखक ने परिवर्तन को जीवन का प्रमाण क्यों कहा है?

**(ङ)** परंपराओं के संदर्भ में लेखक की क्या राय है?

**व्याकरण**

प्रश्न 2 क) निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्द रेखांकित कर भेद का नाम लिखिए |

- i) रोगी बहुत कमजोर हो गया था |
- ii) मेरी नीली कमीज़ नहीं मिल रही है |
- iii) मेरा स्कूल घर से तीन किलोमीटर की दूरी पर है |
- iv) दूध में चीनी कम है |
- v) उसी व्यक्ति ने मुझे कार दुर्घटना से बचाया |

ख)अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें |

- i) मन द्वारा चाहा गया –
- ii) जो कभी न मरे –
- iii) जो भविष्य मे आने वाला हो –
- iv) जानने की इच्छा रखने वाला –
- v) बड़ा भाई –

ग)निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए |

- i) माता
- ii) भाई
- iii) बहन
- iv) वधू
- v) बेटी

## वसंत

प्रश्न 3) रहीम के दोहे

क) रहीम सच्चा मित्र किसे मानते हैं ?
ख) तरुवर और सरोवर की तुलना किससे की गई है?
ग) धरती की क्या रीत है ?
घ) मनुष्य की देह कैसी होनी चाहिए ?

एक तिनका

क) कवि की बेचैनी का क्या कारण था ?
ख) कवि कहाँ और कैसे खड़ा था ?
ग) कवि का घमंड किसने और कैसे तोड़ा ?
घ) 'एक तिनका' कविता से क्या सीख मिलती है ?

## रचनात्मक लेखन

प्रश्न 4) दिए गए विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए |

'सड़क सुरक्षा –हर नागरिक की ज़िम्मेदारी'